an>

Title: Regarding law and order situation in Hamirpur district of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : महोदया, बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपद हमीरपुर में बिंवार कस्बे में, जहां बिंवार थाना पड़ता है, वहां सवेरे 6 बजे एक लड़की जिसका नाम सुकृति है, वह वहां ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। ...(व्यवधान) समाजवादी पार्टी के जो वहां के जिलाध्यक्ष हैं ...(व्यवधान) उनके साथ जो चलने वाला है और अपने को पदाधिकारी कहता है। जो वहां पर जितेन्द्र उर्फ जीतू यादव है, उससे उसने छेड़-छाड़ की।...(व्यवधान) जब उसके पिता जी थाने में रिपोर्ट लिखवाने जा रहे थे...(व्यवधान) तो थाने में उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गयी। ...(व्यवधान) उसके बाद छात्रा ने आत्महत्या कर ली।...(व्यवधान) ऐसी ही घटनायें लगातार होती रहती हैं।...(व्यवधान) हर जनपद में यही हाल है।..(व्यवधान) वहां पर जब लोगों ने विरोध किया तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले नहीं चलाये...(व्यवधान) वहां पर कोई पानी की बौझार नहीं की...(व्यवधान) सीधे गोली चला दी और वहां पर रोहित पांडे की मृत्यु हो गयी,...(व्यवधान) जिसकी उम्र 25 साल थी। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा और श्री अजय मिश्रा टेनी को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

It is a State matter.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप तख्ती पहले रख दीजिए, फिर मैं बात करूंगी।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: You are going against the rules.

...(*Interruptions*)